हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज

तारीख हुक्म

न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

घनश्याम

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)

सू.अ.अपील संख्या 69/2024

13–12–24

अपीलार्थी घनश्याम निवासी झंवर, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत आवेदन 25/06/2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में 1 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक जारी सभी ऑफिस ऑर्डर्स की प्रतिलिपि से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.13 18:03:18 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12439439